AADHAAR

HINDUSTAN, Delhi, 30.1.2018

Page No. 10, Size:(20.78)cms X (7.17)cms.

जीएसटी और आर्थिक सुधार

राष्ट्रपति ने देश के आर्थिक एकीकरण के संदर्भ में जीएसटी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कीमतों के कम होने का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे, इसके लिए राष्ट्रीय प्राधिकार का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी है। पिछले एक वर्ष में करीब साढ़े 3 लाख संदिग्ध कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया है।

उच्च शिक्षा पर जोर

सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थाओं की समस्त परीक्षाओं के आयोजन के लिए एक स्वायत्त परीक्षा संगठन, 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' के गठन को मंजूरी दी है। सरकार देश में 20 'इंस्टीट्यूट्स ऑफ एमिनेन्स' बनाने पर काम कर रही है।

सशक्तिकरण का संकल्प

राष्ट्रपति ने कहा कि तुष्टिकरण नहीं सशक्तीकरण के संकल्प के साथ, सरकार अल्पसंख्यकों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक की दिशा में मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने बिना मेहरम के महिलाओं के हज पर जाने का उल्लेख भी किया।

आधार योजना से लाभ

आधार द्वारा गरीबों को मिलने वाली सुविधाएं, बिना बिचौलियों के, सीधे पहुंच रहीं हैं। वर्तमान सरकार की 400 से अधिक योजनाओं में डिजिटल भुगतान किया जा रहा है। अब तक 57,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि गलत हाथों में जाने से बचाई गई है।

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से गरीबों को 800 तरह की दवाइयां सस्ती दरों पर दी जा रही हैं। इन केन्द्रों की संख्या 3,000 के पार पहुंच चुकी है।

किसानों की आय दोगुनी होगी

राष्ट्रपति ने सरकार का लक्ष्य किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने का है। किसानों को उनकी पैदावार की उचित कीमत मिल सके, इसके लिए देश की कृषि मंडियों को ऑनलाइन जोड़ने का कार्य जारी है। इसके साथ ही किसानों के लिए फसल बीमा योजना लागू की गई है।

हर गरीब को घर

सरकार का लक्ष्य हर गरीब परिवार को वर्ष 2022 तक घर उपलब्ध कराना है। शहरी और ग्रामीण इलाके में 93 लाख घरों का निर्माण किया गया है। गणतंत्र दिवस पर आसियान देशों के प्रमुखों की उपस्थिति का भी राष्ट्रपति ने विशेष उल्लेख किया।

उड़ान योजना

राष्ट्रपति ने उड़ान योजना और बुलेट ट्रेन का भी जिक्र किया। देश के छोटे शहर हवाई मार्ग से जुड़ सकें इसके लिए 'उड़ान' योजना शुरू की गई है। योजना के मात्र 15 महीनों में 56 हवाई अड्डों और 31 हेलीपैडों को जोड़ने का काम शुरू हो चुका है।